an>

Title: Need to take necessary steps to make Kurukshetra as international religious tourist place.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : माननीय अध्यक्ष महोदया, हरियाणा सरकार ने आदरणीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में गीता जयंती के 5053 वर्ष को अंतर्राष्ट्रीय समारोह के रूप में मनाने का ऐतिहासिक फैसला किया है। हरियाणा प्रदेश में गीता जयंती का यह 5053 वर्ष बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। ...(व्यवधान) गीता जयंती समारोह में काशी, मथुरा, द्वारका, वृंदावन, आदि जैसे अनेक स्थानों पर विश्व के कोने-कोने से श्रद्धालु इसमें भाग ले रहे हैं। कुरूक्षेत्र गीताज्ञान के लिए विश्वप्रसिद्ध है, जहां 5053 वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण ने गीता उपदेश दिया था।

मैं मांग करता हूं कि कुरूक्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन का केन्द्र बनाने में भारत सरकार कदम उठाए और प्रसाद योजना में भी इसको शामिल किया जाए। ...(व्यवधान) आदरणीय राष्ट्रपति महोदय का भी इसमें कार्यक्रम बना था और भी कई केन्द्रीय मंत्री वहां जा रहे हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि कुरूक्षेत्र को ऐतिहासिक स्थान दिलाने में मदद करें। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री निशिकान्त दुबे,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री शरद त्रिपाठी और

डॉ. वीरेन्द्र कुमार को श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री प्रकाश ब. हुक्केरी (चिक्कोडी) - उपस्थित नहीं।